रजिस्ट्रैशन क्रमांकः– 54 / नागौर / 1993–94

# जागृति जन सेवा संस्थान, नागौर

पताः– मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह,
राजपुरोहित छात्रावास, आहोर (जालोर)
सम्पर्क नं. 9829942882, 9950855080, 9829218920
Email – jjssnagour@gmail.com



# वार्षिक प्रतिवेदन
# वर्ष 2021–22

संस्था परिचयः— जागृति जन सेवा संस्थान एक गैर सरकारी संस्था है। जो पिछले 29 वर्षो से उपेक्षित, पिछडे व गरीब व्यक्तियों, विशेष योग्यजनों व समुदाय के लिए कार्य कर रहीं है। संस्था का विजन मिशन असहाय, विशेष योग्यजन, पिछडे व गरीब लोगो को समाज की मुख्यधारा में जोडने व उनको आत्मनिर्भर बनाना है। **संस्था द्वारा वर्ष 2021—22 में जालोर जिले में सचांलित मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह, आहोर में 75 बच्चो को आवासीय, चिकित्सीय व शिक्षण सुविधा दी जाती है।** जिसमें से ज्यादातर बच्चो की मानसिक स्थिति में निरन्तर सुधार हो रहा है। बच्चो में हो रहे सुधार की वजह से जिला व राज्य स्तर पर संस्था को सम्मानित किया जा चुका है। संस्था द्वारा नागौर, जोधपुर, बाडमेंर, चितौडगढ, जालोर जिले में कौशल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें 500 महिलाओ को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हे आत्मनिर्भर बनाया गया। संस्थान द्वारा नवजीवन योजना के तहत अजमेंर, सवाईमाधोपुर, जालोर में चिन्हित जातियों का सर्वे कार्य भी किया गया।

## वार्षिक गतिविधियों का विवरण —

### मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह —

जालोर जिले में संचालित मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह में निवासरत आवासियों की संख्या व उसमें हो रहे सुधार का ग्राफ निम्नानुसार है।

| क्र.स. | जिले का नाम | आवासियो की संख्या | स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह जालोर | 75 | 85 प्रतिशत आवासियो की मानसिक स्थिति में निरन्तर सुधार |

संस्था द्वारा सचांलित मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह जालोर में मानसिक विमंदित विशेष योग्यजनो को निम्न प्रकार की सुविधाऐं प्रदान की जाती है।

1. मानसिक विमंदित योग्यजन के घर पर संस्था के कार्मिको द्वारा विजिट करके उनके परिवार से बात करना व मानसिक रूप से सहायता प्रदान करना। व उनको सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओ के बारे में बताना व उससे जोडना।
2. मानसिक विमंदित योग्यजन को संस्था द्वारा चलाये जा रहे मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह में प्रवेश देना। व उनके चिकित्सीय प्रमाण पत्र बनवाना। तथा उनको पेंशन योजना से जोडना।
3. मानसिक विमंदित योग्यजन का मनोचिकित्सको द्वारा समय समय पर स्वास्थ्य का निरीक्षण व उचित परामर्श तथा उपचार।
4. उनको आवास सुविधा प्रदान करना। तथा कुशल व दक्ष कार्मिको द्वारा उनकी देखभाल।
5. समुचित पोशाहार तथा अत्यन्त जरूरतमदो को विशेष पोशाहार की सुंविधा प्रदान करना जिससे उनके स्वास्थ्य व शारिरीक बढोतरी में सुविधा हो।
6. प्रशिक्षित योग शिक्षिक द्वारा उनको नित्य योगा, प्राणायाम व ध्यान कराना जिससे की उनका मानसिक विकास हो सके।
7. प्रशिक्षित विशेष योग्यजन बी एड शिक्षको द्वारा उनको शिक्षण प्रदान करवाना।
8. उनके मनोंरजन के लिए विशेष खेल कुद सामग्री प्रदान करवाना तथा उनके लिए खेल कुद की व्यवस्था करवाना।
9. उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनको कौशल प्रशिक्षण प्रदान करवाना जिससे यह कोई भी हुनर सीख करके अपनी जिन्दगी बसर कर सके।
10. संस्थान द्वारा समय समय पर मानसिक विमंदित बच्चों को स्वास्थय चैक करवाना.
11. संस्थान द्वारा मानसिक विमंदित बच्चों को वोकेसनल से जोडना।





मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह में कोविड–19 का टीकाकरण करते हुए सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र आहोर कि टीम।



जिला कलेक्टर महोदय नम्रता वृष्णी मानसिक विमंदित बच्चों से बातचीत करते हुए, एंव साथ में श्री सुभाष मणि सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग जालोर।



योगा :– जागृति जन सेवा संस्थान द्वारा संचालित मानसिक विमंदित बच्चों को सुबह प्रशिक्षित शिक्षक द्वारा योगा कराया जाता है। जिसमें ज्यादातर विमंदित बच्चें योगा करते है। योगा करने से इनके स्वास्थय में काफी सुधार है। योगा के द्वारा इनको कई प्रकार की गतिविधि सिखाई जाती है। जिससे इनके मनोबल बढता है। योगा कराने से इनका दिमाग के लिए भी लाभदायक है।

बाल दिवसः– जागृति जन सेवा संस्थान द्वारा संचालित मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह आहोर में 14 नवम्बर 2021 को बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। बाल दिवस के रुप में सभी मानसिक विमंदित बच्चों का जन्म दिवस मनाया गया व साथ में मानसिक विमंदित बच्चों द्वारा केक काटकर व गुब्बारे उडाकर बाल दिवस मनाया। इस अवसर पर मानसिक बच्चों को उनके अधिकारो के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह में मानसिक बच्चों के अभिभावक को भी इस कार्यक्रम में शामिल किया गया। मानसिक विमंदित बच्चो को समाज की मुख्यधारा से जोडा गया। एवं सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं की विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। मानसिक बच्चो द्वारा बाल दिवस के अवसर पर कविता व नृत्य किया गया। जिसमें जो बच्चा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आये उनको संस्था संचालिका द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।



विश्व विकलांगता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजनः— जागृति जन सेवा संस्थान द्वारा संचालित मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह राजपुरोहित छात्रावास आहोर में 03 दिसम्बर 2021 को विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर संगौष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आहोर के संरपच महोदय को विशिष्ठ अतिथि बनाया गया। सर्वप्रथम संगोष्ठी की शुरुआत दूर दराज से पधारे हुए दिव्यांगो का स्वागत करते हुए विश्व विकंलागता दिवस का महत्व बताते हुए बताया कि इस दिन सारे दिव्यांग एक मंच के नीचे बैठकर अपने अधिकारों के बारे में चर्चा करें व जो भी समस्याएं हों उसका निवारण का समाधान करे। संगोष्ठी में विकलांगता एक्ट 1995 में जो संशोधन हुआ उस पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसमें 21 प्रकार की विकलांगता पर विस्तार से चर्चा करते हुए इनके बारे में बताया गया। इस अवसर पर 15 सुत्री मांगो का मांग पत्र उपखण्ड अधिकारी को दिया गया। संगोष्ठी में विकलांगता प्रमाण पत्र, रेल पास, बस पास, विकलांगता पैंशन, विवाह अनुदान, त्रण व आस्था कार्ड के बारे मं विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें 110 दिव्यांगो ने भाग लिया।



महिला दिवस समारोहः– जागृति जन सेवा संस्थान के प्रांगण में अन्तर्राष्टीय महिला दिवस 8 मार्च 2022 धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संस्था संचालिका प्रेम कुमारी की अध्यक्षता में महिला दिवस मनाया गया। जिसमे संस्था संचालिका प्रेम कुमारी द्वारा महिलाओं के अधिकारो की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस संगोष्ठी में गांव की 75 महिलाओ ने भाग लिया। इस समारोह में समाज सेविका सुमित्रा बोहरा जी द्वारा बालिका शिक्षा, घरेलू हिंसा, भ्रुण हत्या, महिलाओ के साथ हो रहें अत्याचार का खत्म करने पर जोर दिया गया। साथ हीं सभी ने यह विश्वास दिलाया कि सभी अपनी अपनी बेटियों को स्कूल में भेंजेगे। सरकार द्वारा चलाई जा रहीं महिलाओ की योजनाओं के बारे में चर्चा कि गई। इस दिन सभी महिलाओं ने संकल्प लिया कि हमारी बेटियों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडना।व सभी महिलाओं ने शपथ ली कि स्वयं सहायता समूह से त्रृण लेकर रोजगार प्राप्त करके समाज की मुख्य धारा में जुड सके।



महिला सशक्तिकरण :— महिलाओं को एकत्रित कर संस्था द्वारा अपने स्वंय को सुदृढ करने हेतु वार्ता की जाती है, जिसमें पति द्वारा नशाबंदी कराना, स्वंय अपने अधिकारों की जानकारी दिलाना एवं समाज में नारी को अबला कहने से रोकने हेतु सशक्त किया जाता है व झाडू बनाना, पत्तल, खजू की चटाई आदि बनाने का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया गया । संस्था द्वारा महिला दिवस के दिन एक महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 72 महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं को अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए एकजुट रहने व जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से दहेज न देने और न लेने का सदेंश दिया और इसके लिए प्रतिबद्ध रहने का भी सन्देश दिया। महिला अत्याचार, हिंसा, यौन हिंसा, अपहरण, तलाक, बलात्कार इत्यादि के मामलों में परिवारों को विघटन से बचाने की संस्था ने निशुल्क परिवार परामर्श कार्य किया है ।

नवजीवन योजना :— नवजीवन योजना राज्य सरकार की योजना है इस योजना का मुख्य उद्वेश्य ऐसे परिवार /व्यक्ति जो अवैध शराब के निर्माण, भण्डारण एंव विक्रय में लिप्त है उनको वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध करवाकर समाज की मुख्यधारा में जोडना है। इसमें नट, भाट, सांसी, बावरी, ढोली व कंजर जाति के लोग सम्मिलित है। संस्था को नागौर, जोधपुर, चितोडगढ, जालोर, बाडमेंर जिले में नवजीवन योजना के तहत सर्वे चिन्हीकरण करके महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल प्रशिक्षण सिलाई मशीन, कशीदाकारी, बांदनी कार्य, प्लम्बरिंग व ब्यूटी पार्लर का 92 दिवस का प्रशिक्षण दिया गया जिससे ये महिलाएं अपनी आजीविका कमा सके व समाज की मुख्य धारा में जुड सके। इसके साथ साथ महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि स्वयं सहायता समुह बनाने से त्रृण प्राप्त करके कोई भी रोजगार चला सके। जिससे कि अपना स्वयं का रोजगार कर सके। नवजीवन योजना में जो महिलाएं प्रशिक्षण ले रही है उनके बच्चों को शिक्षा से जोडकर उन्हें समाज कि मुख्यधारा से जोडना। उन्हे छात्रवृति दिलाना। 92 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को 6000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कि जाती है। जिससे कि ये अपना कोई भी रोजगार चला सके। अभी तक 500 महिलाओ को कौशल प्रशिक्षिण देकर संस्था उन्हे आत्मनिर्भर बनाया गया।





कौशल प्रशिक्षण

कौशल प्रशिक्षण का ब्यौरा जिले वार निम्नानुसार है।

| क्र.स. | जिले का नाम | जाति | ट्रैड | प्रशिक्षणार्थी बैंच |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नागौर | बावरी, सांसी, | सिलाई कार्य, ब्यूटी पार्लर, जूति मरम्त, बांदनी कार्य | 200 |
| 2 | बाडमेर | सांसी | जूति मरम्त | 25 |
| 3 | जौधपुर | सांसी, ढोली, | सिलाई कार्य, ब्यूटी पार्लर | 125 |
| 4 | जालोर | ढोली, नट | ब्यूटी पार्लर, सिलाई, बांदनी | 100 |
| 5 | चितौडगढ | बावरी, कंजर | लाईट फिटिंग, सिलाई कार्य | 50 |
| कुल प्रशिक्षणार्थी | | | | 500 |









<u>सरकारी व आधारभुत योजनाओं की जानकारी</u>ः— नवजीवन योजना के तहत चल रहे कौशल प्रशिक्षण में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से चलाई जा रहीं सरकारी योजनाओं जैसे पैशन, पालनहार योजना, त्रृण, आस्था कार्ड, छात्रवृति, विकलांगता पैशन एवं प्रमाण पत्र, विवाह अनुदान इन सब योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। एंव साथ ही जिस गांव में प्रशिक्षण हो रहा है उस गांव की सम्स्याएं जैसे गांव में पानी की असुविधा, सडक, बिजली, सभा भवन व ग्राम पंचायत में जो कार्य हो रहे है उन पर भी विस्तार से प्रशिक्षण में बात की गई। जो महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं है उनके बच्चें जो शिक्षा ले रहें उनको छात्रवृति के आवेदन तैयार करने को कहा गया। साथ ही जो बच्चा शिक्षा से वंचित है उन्हे शिक्षा से जोडने की बात कहीं गई। कौशल प्रशिक्षण में त्रृण पर चर्चा करते हुए बताया गया कि जिन प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है उनको प्रशिक्षण के पश्चात् त्रृण के आवेदन तैयार करके लोन दिलाया जायेगा जिससे कि ये प्रशिक्षणार्थियों अपना रोजगार चला सके ।

# सामाजिक बुराईयों के खिलाफ कार्यक्रम

संस्था ने समाज में फैली सामाजिक बुराईयों जैसे कि अशिक्षा, शिक्षा में कमी, दहेज प्रथा, मृत्यु भोज, पर्दाप्रथा, छुआछुत, शराब व अन्य नशें का सेवन, तलाक, नाता छुटक्या, लिंग भेद, बहुविवाह, स्वच्छता, बाल विवाह, आपसी मनमुटाव ईर्श्या, वर्गभेद, धर्मभेद, अन्धविश्वास, महिला उत्पीड़न, कुपोष्ण, घरेलू उद्योगों की समस्याऐं, बेरोजगारी युवावर्ग का श्रम से विमुख होना आदि के बारे में जोधपुर व जालोर बाडमेर, नागौर जिलो के 40 गावों में जन जागरण अभियान चलाकर, कैम्प आयोजन करना, पम्पलेट वितरण, पोस्टर बेनर इत्यादि के माध्यम से जागरूकता लाई गई। समाज में फैली बुराईयों को समाप्त करने हेतु संस्थान ने ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्राम के मुख्य गणमान्य व्यक्तियों को साथ लेकर इस अभियान को सफल बनाने में अथक प्रयास किए। संस्था ने जल वितरण, जल स्वच्छता के बारे में जागरूकता एवं जानकारी दी एवं उनके बारे में सतर्क रहने के बारे में बताया गया जो कि मौसमी बीमारियों व अन्य शारीरिक बीमारियों को जन्म देते है। ग्रामों में नशा मुक्ति शिविर का आयोजन, शराब व मादक द्रव्यों के सेवन से होने वाली हानियां व बीमारियां इत्यादि पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



# कौशल शिविर; 25 युवाओं को लाइट फिटिंग का प्रशिक्षण दिया



**भास्कर संवाददाता | बिनोता**

निम्बाहेड़ा पंचायत समिति के मंडला ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जागृति जन सेवा संस्थान द्वारा संचालित व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग चित्तौड़गढ़ द्वारा संचालित नवजीवन योजना कौशल प्रशिक्षण का समापन एवं दक्षता परीक्षा ली गई। जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम के दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक डॉ. ज्योति प्रकाश अरोड़ा, मण्डलाचारन ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि गणेशदान चारण की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था की संचालिका प्रेम कुमारी द्वारा मंडला चारण में 92 दिवस तक लाइट फिटिंग का 25 जनों के प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मक़सद लोगों करे स्वरोजगाए से जोड़ना है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से जुड़े नारायण लाल जागृति जन सेवा संस्थान के मुकेश कुमार, डूंगाराराम, इंदरमल परमार ट्रेनर अनूप कुमार, परीक्ष प्रभारी मनीष कुमार उपस्थित थे। 25 परीक्षार्थियों ने दक्षता परीक्षा दी।

212 किलो अवैध डोडाचूरा

दैनिक भास्कर जालोर 23-07-2021

धुंबडिया में 105 लोगों का टीकाकरण किया व चांदराई में भी 332 लोगों के लगा टीका

# आहोर में 35 विमंदितों को लगाई वैक्सीन की दूसरी डोज

भास्कर न्यूज़ | आहोर



आहोर. मानसिक विमन्दित बच्चो के टीकाकरण करते नर्सिंग कर्मी।



धुंबडिया. टीका लगवातें ग्रामीण।

कस्बे के राजपुरोहित छात्रावास में संचालित जागृति जन सेवा संस्थान द्वारा संचालित मानसिक विमंदित पुनवार्स गृह में मानसिक विमंदित बच्चो को कोविड -19 महामारी से बचाव को लेकर दूसरी डोज का गुरुवार को टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विरेन्द्र हमथानी व चिकित्सा टीम द्वारा 35 मानसिक विमंदित बच्चो का टीकाकरण किया गया। इस दौरान संस्था संचालिका प्रेम कुमारी, हितेश कुमार, मुकेश, राजेंद्र, गोविंदराम इंद्र परमार, प्रेम कुमार, अशोक, इंद्रा, खसी, प्रवीण, रेखा सहित कई बच्चे मौजूद थे।

**धुंबडिया|** उपखंड क्षेत्र के रंगाला गांव में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को कोरोना वैक्सीन टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी दिनेश विश्नोई ने बताया कि शिविर में 105 लोगों के प्रथम व द्वितीय डोज का टीकाकरण किया गया। इस दौरान रंगाला पीईईओ आनन्दी धायल, काउंसलर हरजीराम, भंवरलाल धायल, रमेशचन्द्र शर्मा, भोमाराम जाखड़, नीलम एएनएम, दानाराम जीएनएम, मनोज कुकणा, हेमराज शर्मा, प्रदीप मेहरा, डूंगरराम सहित काफी संख्या में विद्यालय स्टाफ व चिकित्सा विभाग की टीम के कार्मिक उपस्थित रहे।

**चांदराई|** शंखवाली में गुरूवार का टीकारकण शिविर लगा। जिसमें 332 लोगों के टीके लगे। सुबह 10 बजे से ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। वैक्सीन कम पड़ी तो अधिकारियों से चर्चा कर 32 स्लॉट ओर उपलब्ध करवाए गये। नर्स राजबाला, सुरेंद्र शर्मा आयुर्वेद चिकित्सा विभाग समेत स्टॉफ ने टीकाकरण किया। इस दौरान पीईईओ ओम प्रकाश यादव, गलबाराम मीणा व्याख्याता, नरपत सिंह व्याख्याता, भूपेंद्र सिंह राठौड़ शारीरिक शिक्षक, मलखान सिंह अध्यापक, अरविन्द सिंह राजपुरोहित पंचायत सहायक, कर्माराम बोस पंचायत सहायक, मनोज मंडेला पंचायत सहायक समेत ग्रामीण मौजूद थे।

# मण्डला चारण में कौशल प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न



**बिनोता, 19 मई (जसं.)।** पंचायत समिति के निम्बाहेड़ा की ग्राम पंचायत मण्डला चारण मुख्यालय पर गुरुवार को जागृति जन सेवा संस्थान एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित नवजीवन योजना के तहत आयोजित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को सम्पन्न हुआ।

समापन समारोह में संस्था की संचालिका प्रेम कुमारी ने बताया कि मण्डला चारण में 92 दिवस तक 25 युवाओं को योजना के तहत लाईट फिटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ना ही उनकी संस्था का उद्देश्य है। समापन समारोह में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक डॉ. ज्योति प्रकाश अरोड़ा, मण्डला चारण ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि गणेशदान चारण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से जुड़े नारायण लाल, जागृति जन सेवा संस्थान के मुकेश कुमार, डूंगाराराम, इंद्रमल परमार, ट्रेनर अनुप कुमार, परीक्षा प्रभारी मनीष कुमार मौजूद थे। प्रशिक्षण समापन के अवसर पर परीक्षा प्रभारी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों की दक्षता परीक्षा भी ली गई।